अपराध

सस्ते सोने का लालच देकर चाकू की नोक पर की गई की वारदात, आठ लाख रूपए, चाकू, बाइक, मोबाइल बरामद

लाखों की डकैती का खुलासा, 6 पारधी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र की बस स्टैंड पुलिस चौकी अंतर्गत खरखरी गांव में एक महिला से चाकू की नोक आठ लाख की डकैती करने वाले पारधी गिरोह के 6 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि छिंदवाड़ा के हर्रई थाना क्षेत्र निवासी बबीता डेहरिया (37) ने 25 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि रक्षाबंधन के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन के पास उसकी मुलाकात एक पारधी महिला से हुई थी, जिसने सस्ते दाम में सोना देने का लालच दिया था। लगातार फोन संपर्क के बाद 24 दिसंबर को महिला ने पीड़िता

को खरखरी स्कूल के पास बुलाया। वहां पहले से मौजूद महिला और पुरुषों ने पैसे दिखाने को कहा। जैसे ही 8 लाख रुपए से भरा बैग उसने दिखाया, तभी वहां पर कुछ लोग और आ गए और ने उसे घेर लिया। चाकू की नोक पर आठ लाख रूपए से भरे बैग और मोबाइल फोन छीनकर दो मोटरसाइकिलों से फरार हो गए। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की।

आरोपियों को पकड़ने के लिए कोतवाली, माधवनगर, रंगनाथनगर, रीठी और बस स्टैंड चौकी की संयुक्त पुलिस टीम बनाई गई। तकनीकी सहायता और मुखबिर सूचना के आधार पर कैलवारा बायपास के पास घेराबंदी कर सभी 6 आरोपियों को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चाकू की नोक पर डकैती की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ लाख रूपए, वारदात में उपयोग की गई चार चाकू, वारदात में उपयोग की गई दो मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल, सोने जैसी धातु की गिन्नियां बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों में मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों के निवासी बुश लाल पारधी, बाबू पारधी, ग्यारह बाबू पारधी, सरीना उर्फ सहरीना, बली उर्फ बल्ली अैर लोंगचाई उर्फ लोंगा बाई का नाम शामिल है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, एएसआई विजय गिरी, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र तिवारी, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, दीपक तिवारी, मंसूर हुसैन, दिनेश चंद सेन, अजीत सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे एसआई नवीन नामदेव, प्रधान आरक्षक मणि बागरी, रंगनाथ थाना प्रभारी एसआई अरूणपाल सिंह, प्रधान आरक्षक अर्जुन तिवारी, वीरेन्द्र दहायत, रोहित झारिया, बस स्टैंड चौकी प्रभारी एसआई सिद्धार्थ राय, एएसआई दीपेन्द्र शर्मा, सुशील पांडेय, मनोज पटेल, अनमोल सिंह, सतेन्द्र पटेल, मनु त्रिपाठी, रीठी थाने के प्रधार आरक्षक अजय मेहरा और आरक्षक नीतेश दुबे की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहहिया और सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

पुलिस कस्टडी में बिगड़ी तबियत, इलाज शुरू

जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया आरोपी युवक को

नवभारत, कटनी। महिला से मारपीट के मामले में कोतवाली थाने लाए गए आरोपी की पुलिस कस्टडी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर पुलिस ने तत्काल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। आरोपी की पहचान अनिल पंडित के रूप में की गई है, युवक पर महिला के साथ मारपीट के आरोप हैं। इन्हीं आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस ने उसे कोतवाली थाने लाया था। पुलिस कस्टडी में ही आरोपी की तबियत अचानक बिगड़ी गई। जिसके बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी का इलाज डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीएसपी नेहा पच्चीसिया भी जिला अस्पताल पहुंची। जहां पर उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। साथ ही युवक के इलाज संबंधी जानकारी भी लगी गई। जानकारी के अनुसार महिला से मारपीट के मामले में एक आरोपी को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। पूछताछ के बाद उसे घबराहट हुई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही आरोपी युवक का जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है, ताकि वह स्वस्थ्य हो सके। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

एक नजर में

कामायनी एक्सप्रेस से यात्री का ट्राली बैग चोरी

नवभारत, कटनी। मुंबई से बनारस की यात्रा कर रहे एक यात्री का अज्ञात चोरों ने ट्राली बैग चोरी कर लिया है। बैग में लैपटॉप, दस्तावेज और नकद रूपए रखे हुए थे। उत्तरप्रदेश के भदौही निवासी शिवम कनौजिया ने बताया कि वह कामायनी एक्सप्रेस की एस 9 कोच की बर्थ नंबर 31 पर सफर कर रहा था। दमोह के पास अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर उसका ट्रॉली बैग चोरी कर लिया है। चोरी गए ट्रॉली बैग में एक लैपटॉप, कक्षा दसवीं की मूल मार्कशीट, करीब 4 हजार रुपए नकद, कपड़े और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। चोरी का पता चलते ही पीड़ित ने सहयात्रियों की मदद से तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शिवम कनौजिया ने बताया कि वह पुणे में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है और बीएसएफ, रेलवे ग्रुप-डी की परीक्षा देने के लिए घर जा रहा था। ट्रेन के कटनी स्टेशन पहुंचने पर उसने जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना की जा रही है।

ई विकास प्रणाली से होगा उर्वरक का वितरण

नवभारत, कटनी। किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पारदर्शी, सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा एग्रीस्टैंक योजनांतर्गत फार्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के नियमों के तहत भू-स्वामियों को फार्मर आईडी बनवाना जरूरी है। अब प्रदेश के सभी जिलों में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण के लिए एग्रीस्टैक किसान रजिस्ट्री डेटा का उपयोग किया जाएगा। इस नई व्यवस्था के तहत, प्रदेश के सभी भूधारी किसानों के लिए विशिष्ट फार्मर आईडी जनरेट करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। शासन का मुख्य उद्देश्य किसान रजिस्ट्री में दर्ज किसानों की जानकारी को उनके भू-अभिलेखों से पूरी तरह लिंक करना है।

व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी हैं खेल प्रतियोगिताएं

संस्कार माउंट स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत, बाकल। संस्कार माउंट पब्लिक स्कूल, खुर्शी मोड़ बाकल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एनुअल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन बच्चों ने दौड़, चम्मच दौड़, कबड्डी और खो-खो जैसी खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों का जोश, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना उपस्थितजनों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। दूसरे दिन आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, रस्सी खींच, स्लो साइकिल

रेस, कैरम और शतरंज जैसे खेल शामिल रहे। जिनमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। एनुअल स्पोर्ट्स के दूसरे और तीसरे दिन भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। शेष मेडल, शील्ड और प्रमाण पत्र आगामी 26 जनवरी के कार्यक्रम में दिस जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य इंजीनियर लोकेंद्र सिंह सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और खेलों को व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

भाजपा नेता को गोली मारने वाले आरोपी के घर पर चला बुल्डोजर

कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल

नवभारत, कटनी। भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक की हत्या के मामले में जिला प्रशासन ने मुख्य आरोपी अकरम खान के घर पर बुल्डोजर कार्रवाई की है। बगैर अनुमति बनाए गए इस घर को नेस्तानाबूत कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे नगर परिषद, जिला प्रशासन और काफी पुलिस बल की मौजूदगी में अमरैयापार स्थित आरोपी के घर तोड़ दिया गया।

कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कैमोर और विजयराघवगढ़ क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया

है। थाना प्रभारी आशीष शर्मा स्वयं मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। आरोपी पक्ष ने इस कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से राहत नहीं मिलने के बाद प्रशासन ने तय कार्यक्रम के अनुसार बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। गौरतलब है कि 28 अक्टूबर 2025 को कैमोर निवासी भाजपा नेता नीलेश रजक की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपनी बेटी को स्कूल से लेने जा रहे थे। इस हत्याकांड में अकरम खान और उसका साथी प्रिंस जोसफ आरोपी हैं। घटना के बाद पूरे जिले में भारी जनाक्रोश देखने को मिला था और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठ रही थी। इस कार्रवाई ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। जिले में इस वर्ष अब तक 20 से अधिक हत्याएं हो चुकी हैं, जिनमें चौपाटी क्षेत्र में एक ही घटना में तीन लोगों की हत्या जैसी गंभीर वारदातें भी शामिल हैं। लेकिन इन मामलों में किसी भी आरोपी के खिलाफ बुलडोजर जैसी कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में भाजपा नेता की हत्या के बाद हुई इस तत्काल कार्रवाई को लेकर प्रशासन पर दोहरा मापदंड अपनाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करनी ही है, तो यह सभी मामलों में समान रूप से होनी चाहिए।

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत का विरोध, महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

उन्नाव विधयक सेंगर की जमानत के खिलाफ प्रदर्शन

नवभारत, कटनी। उन्नाव बलात्कार कांड के आरोपी और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस ने इस फैसले को पीड़िता और समाज के लिए चिंताजनक बताते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है

कि कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत को तत्काल रद्द किया जाए और मामले में कठोर कार्रवाई की जाए। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतने जघन्य अपराध के आरोपी को जमानत मिलना न्याय व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास कमजोर करता है। साथ ही, इससे पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए, ताकि समाज में गलत संदेश नहीं जाए और पीड़ितों को न्याय मिलने का भरोसा बना रहे। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती रहेगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण महिला जिला अध्यक्ष माधुरी जैन, शहर कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, ब्लॉक अध्यक्ष, जीतू गुप्ता, जिला महिला उपाध्यक्ष आदिता वर्मा, मंजू निषाद, कल्पना पाठक, कांति चौबे, शशि प्रभा यादव, माया चौधरी, रूपा पाठक, दुर्गावती कोल, भावना मिश्रा, रतन यादव, गीता निषाद, नजमा बी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

गुरूवाणी से गूंजा मेला परिसर, वीरता को किया नमन



पुस्तक मेले के तीसरे दिन हुआ गुरूवाणी का आयोजन

नवभारत, कटनी। शहर के सुभाष चौक स्थित साधूराम स्कूल परिसर में आयोजित पुस्तक मेले के तीसरे दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर गुरूवाणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही गुरू तेग बाहदुर जी की शहीदी की 350वें वर्ष पर उद्बोधन दिए गए। गुरू तेग बहादुर जी की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। इसके अलावा सिंधी भाषा महोत्सव और कवि सम्मेलन और देश भक्ति नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्या वक्ता के रूप में शामिल हुए रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के कुलगुरू डॉ विनोद मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में मूल्य तत्वों को समझना चाहिए, यदि में हम मूल्य तत्व को नहीं समझते हैं तो बाकी चीजें व्यर्थ हो जाती है, इसलिए मूल्य तत्व को समझना जरूरी होता है और कभी-कभी हम उस मूल्य तत्व को नहीं समझ पाते हैं, चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो, चाहे आर्थिक क्षेत्र हो, चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, चाहे अध्यात्मिक क्षेत्र हो। मूल्य तत्व को आपको समझना पड़ेगा। और यदि इससे विचलन होता है, तो बहुत सी बातें गड़बड़ हो जाती है। कार्यक्रम में मंचासीन रहे इंद्रजीत सिंह वीर दी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कि धर्म की रक्षा के लिए भक्ति के साथ शक्ति का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्याय से लड़ने के लिए शक्ति का उपयोग भी जरूरी हो जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप शामिल हुए दिल्ली के नोयडा से आए वरिष्ठ लेखक श्री अवधेश झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो साहित्य होता है वो कोई हवा में पैदा नहीं होता है। देश कॉल परिस्थितियों में साहित्य पैदा होता है। लेकिन 1947 के बाद से उसके थोड़े पहले से हमारे देश में साहित्य की बड़ी अजीब परिभाषा तय कर दी। उस परिभाषा में देखेंगे तो तुलसीदास, कबीरदास, सूरदास साहित्यकार की परिभाषा में आ ही नहीं सकती है, उसमें हमारे जितने पुराने लोगों ने लिखा है वो इतिहासकार हो ही नहीं सकते हैं, भले महर्षी वेदव्यास ने पूरा समाज शास्त्र लिख दिया हो। उन्होने कहा कि आप श्रीमद् भावगद को जाकर पढ़ेंगे तो आने वाले समय में भारत में कौन राजवंश होगा, उसका क्या नाम होगा, कितने वर्ष रहेगा, कैसे मरेगा, किससे युद्ध करेगा, उसका पतन कैसे होगा, सब लिखा हुआ है। लेकिन वे इतिहासकार नही है। ये एक वातावरण बनाया गया देश में। साहित्य महोत्सव और पुस्तक मेले के चौथे दिवस शाम पांच बजे से पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्रीमान प्रियंक कानूनगो, मुख्य वक्ता के रूप में महाकौशल के सह प्रांत प्रचार प्रमुख श्रीमान शिवनारायण पटैल शामिल होंगे।

पीपीपी मॉडल मेडिकल कॉलेज के विरोध में प्रदर्शन

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने दिया धरना

नवभारत, कटनी। शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज कचहरी चौक कटनी में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह धरना लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विंदेश्वरी पटेल एवं जिला जन अधिकार मंच कटनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के बड़ी संख्या में जागरूक नागरिकों ने भाग लिया। धरना सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ और

दोपहर 2 बजे कचहरी चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली के रूप में पहुंचकर संपन्न हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अतिरिक्त कलेक्टर कटनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूंजीवाद और निजीकरण का विरोध करते हुए जिले में शासकीय मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग की गई। पीपीपी मॉडल निजीकरण का ही एक रूप है और जहां भी इस मॉडल पर मेडिकल कॉलेज हैं, वहां आम जनता को इलाज और शिक्षा के क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

नोडल अधिकारी नियुक्त

नवभारत, कटनी। प्रतिवर्ष की भांति आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन होगा। आयोजन और स्थानीय व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति किए हैं। आदेश के अनुसार जिला मुख्यालय स्तर पर भारत पर्व के आयोजन के लिए नगर निगम उपायुक्त शैलेष कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जबकि भारत पर्व के कार्यक्रमों के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति लिल्हारे को नोडल अधिकारी नियुक्त नियुक्त किया गया है।

बैठक

शिक्षा विभाग की बैठक में स्कूलों की मॉनीटरिंग, बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम को लेकर की कलेक्टर ने दिए निर्देश

स्कूलों से पलायन करने वाले छात्रों का होगा सत्यापन, शिक्षा से जोड़ने किए जाएंगे प्रयास

नवभारत, कटनी। जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत, जवाबदेह, परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की गहन समीक्षा की। बैठक में ई-अटेंडेंस को अनिवार्य करते हुए लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए, शाला मॉनिटरिंग, बोर्ड परीक्षा परिणाम, निपुण शालाओं के निरीक्षण, शाला त्यागी बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने, प्रशासनिक अनुशासन को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया। कमजोर प्रदर्शन पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई, डिजिटल प्रक्रियाओं को गति देने, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए सक्सेस 3.0 जैसे नवाचारों की शुरुआत के साथ

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बात कही गई है। कलेक्टर ने सहायक यंत्री के वेतन आहरण पर रोक लगाने, कारण बताओ नोटिस जारी करने की भी हिदायत दी। कलेक्टर ने शाला त्यागी, स्कूल से पलायन करने वाले बच्चों का सत्यापन कराने, उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के कार्य में पूरे अमले को सक्रियता से कार्य करने की नसीहत दी। कलेक्टर ने मैदानी स्तर पर कमजोर प्रगति, क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण में अभाव, सुस्त, लचर कार्यप्रणाली पर जिला शिक्षा केंद्र के सभी एपीसी के कार्यों के प्रति गहन असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने बैठक में अपार आईडी बनाने, यू-डाइस के ड्रॉप बॉक्स में शेष बचे स्टूडेंट के स्कूलों में मैपिंग के निर्देश दिए। आयोजित हो रहे आधार कैंप में अधिकतम स्कूली बच्चों के आधार अपडेटेशन कार्य के निर्देश दिए। सभी बीआरसी को निपुण शालाओं का नियमित निरीक्षण, पर्यवेक्षण करने, स्वयं भी कक्षाएं पढ़ाने के निर्देश दिए। बेहतर निपुण शालाओं को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर ने दो-टूक लहजे में कहा कि जिन स्कूलों में कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम बीते वर्ष कमजोर रहे हैं, उन विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने जिले के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए सक्सेस 3.0 कार्यक्रम लॉन्च किया। इसके माध्यम से छात्रों को शैक्षणिक सहायता के लिए प्रतिदिन प्रति विषय दस-दस प्रश्नोत्तर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। सक्सेस 3.0 के तहत कक्षा 12वीं के 14 विषय, कक्षा 10वीं के 6 विषय मिलाकर कुल 20 विषयों के दस-दस प्रश्नों के पीडीएफ प्रतिदिन उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट को निर्देशित किया कि कक्षा 12वीं तक के छात्रों के लिए गुणवत्तायुक्त स्टडी मटेरियल का चयन कर गूगल शीट लिंक तैयार करें, ताकि कमजोर विद्यार्थी भी संबंधित अध्याय सहजता से समझ सके।

गोदाम में भंडारित 750 क्विंटल धान निकासी पर रोक

नवभारत, कटनी। गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में संयुक्त जांच दल ने ग्राम देवरी टोला स्थित दीपक राइस मिल कि जांच की। जांच के दौरान परिसर में लगभग 750 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। मौके पर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक रोक लगा कर संचालक दीपक फेरवानी को आवश्यक निर्देश दिए गए है। जांच में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ल एवं जिला प्रबंधक नान देवेन्द्र तिवारी शामिल रहे। गौरतलब है कि संयुक्त जांच टीम ने पूरे जिले में धान भंडारण करने वाले गोदामों में जाकर निरीक्षण किया है और धान भंडारण से संबंधित दस्तावेज नहीं होने पर उसे जब्त कर उसकी निकासी पर रोक लगाई गई है। लगभग आधा दर्जन से अधिक गोदामों में इस तरह की कार्रवाई की गई है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024